फा.सं.18(1)/2008-लेखा और क्रय
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,
नई दिल्ली।

दिनांकः 9.9.2013

## <u>टेंडर आमंत्रित करने के लिए सूचना</u>

**विषयः** कंप्यूटर्स, स्कैनर्स (बड़ा आकार और छोटा आकार), यूपीएस आदि की आपूर्ति के लिए टेंडर।

****

संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रयोग के लिए कंप्यूटर्स, स्कैनर्स (बड़ा आकार - हैवी ड्यूटी और मध्यम आकार) तथा लूमिनस, सैमटेक, एपीसी, माइक्रोटेक आदि जैसे प्रतिष्ठित ट्रेडमार्क के यूपीएस की आपूर्ति हेतु एचपी जैसे प्रतिष्ठित ट्रेडमार्कों के निर्माताओं/प्राधिकृत वितरकों से द्विबोली आरूप में मोहरबंद कोटेशंस आमंत्रित की जाती हैं। खरीदने के लिए प्रस्तावित उपकरणों की विशिष्टियां निम्न प्रकार हैं:-

1. आई-5 कांफीग्यूरेशन सहित कंप्यूटर जिसमें विंडोज 8 प्रोफेशनल, 4 जीबी रैम जिसे 8 जीबी तक बढ़ाया जा सके, 500 जीबी हार्ड डिस्क, टीएफटी मॉनीटर 18.5 इंच या इससे बड़ा, द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) कीबोर्ड, ऑप्टीकल यूएसबी माउस, 6 यूएसबी पोर्ट्स जिनमें से कम से कम 2 सामने की ओर हों, न्यूनतम 8X डीवीडी राइटरर, नेटवर्किंग फेसिलीटी 10/100/1000 ऑन बोर्ड इंटीग्रेटिड नेटवर्क पोर्ट।

2. स्कैनर: हैवी ड्यूटी (बड़ा आकार) - फ्लेटबेड, 600X600 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X46.4 सेमी, 35 पीपीएम, 100 शीट्स की एडीएफ कैपेसिटी, इंटरफेस केबल और ड्राईवर साफ्टवेयर सहित।

3. स्कैनर: मध्यमाकार - फ्लेटबेड, 4800X4800 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X35.6 सेमी, 25 पीपीएम, 50 शीट्स की एडीएफ कैपेसिटी, इंटरफेस केबल और ड्राईवर साफ्टवेयर सहित।

4. स्कैनर: छोटा आकार - 48 बिट कलर - फ्लेटबेड, 4800X9600 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X29.7 सेमी, स्पीड लगभग 6-10 पीपीएम, कॉपी, स्कैन, स्कैन टू ई-मेल, स्कैन टू पीडीएफ सुविधा (एचपी स्कैन जैट जी 3110 स्कैन के समकक्ष)
5. कॉम्पैक्ट यूपीएस: लाइन इंटरएक्टिव यूपीएस (सीई या यूएल प्रमाणित), सिंगल फेस एसी 160V से 280V इनपुट सहित ए.वी.आर., रेटिड KVA:0.8, न्यूनतम VAH:168

6. प्रिंटर: लेजरजैट - मोनो (बेस मॉडल)

7. मल्टी फंक्शन प्रिंटर: कलर - लेजरजैट, (15 पीपीएम और 25 पीपीएम), प्रिंट, कॉपी, कलर स्कैन और फैक्स की सुविधा सहित।

8. मल्टी फंक्शन प्रिंटर: कलर - डेस्कजैट, प्रिंट, स्कैन और कॉपी की सुविधा सहित (16 एमबी रैम, 1 यूएसबी 2.0 पोर्ट, 48 बिट फ्लेटबेड स्कैनर 140 डीपीआई तक) (एचपी ऑल इन वन के209जी के समकक्ष)

9. रैम 1 जीबी, 2 जीबी (डीडीआर 1 रैम, डीडीआर 2 और डीडीआर 3)

10. एक आईबीएम सर्वर X3400 एम3-टॉवर, 16 जीबी रैम, फोर-कोर Intel$^{(R)}$ Xeon$^{(R)}$ E5620, 2.40 GHz, 12एमबी Cache-Processor one सहित, मेमोरी 16DIMM Slots अधिकतम, 128 जीबी डीडीआर-3 13333 MHz RDIMMs सहित, एक्सपेंशन स्लॉट्स - पांच PCIe और 1 PCI स्टैंडर्ड, डिस्क बेस-स्टैंडर्ड 3.5 सिंपल-स्वेप सीरियल एटीए (साटा) सहित, एमएस विंडो सर्वर 2012 R2 के रूप में OS PARD, इंटरनल स्टोरेज 8TB, सपोर्ट इंटीग्रेटिड 6Gbps RAID-I

11. एक Sql सर्वर 2012 स्टैंडर्ड एडिशन 3 CAL सहित।

2. <u>विस्तार:</u>

उपरोक्त सामान आवश्यकतानुसार आंशिक रूप में मंगाया जाएगा। 26 पीसी, स्कैनर बडे- 2, स्कैनर मध्यम -15, यूपीएस - 7 इत्यादि की तत्काल आवश्यकता होगी। तथापि, टेंडरदाता फर्म के लिए भविष्य में अतिरिक्त मात्रा, यदि कोई होगी, की आपूर्ति करना जरूरी होगा **और दरें विभाग द्वारा उनकी स्वीकृति की तारीख से न्यूनतम बारह मास की अवधि के लिए वैध होनी चाहिए।**

3. दरों पर अंतिम निर्णय ले लिए जाने के पश्चात, उस फर्म को आपूर्ति का आदेश जारी किया जाएगा जो मंगाई गई मदों की आपूर्ति के लिए एल-1 फर्म के रूप में सामने आएगी। टेंडरदाता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित कोटेशन संलग्न प्रोफार्मा में दी जा सकती है। कोटेशन के साथ "वेतन और लेखा अधिकारी, मंत्रिमंडल कार्य, नई दिल्ली" के पक्ष में किसी भी वाणिज्यिक बैंक से एकाउंट पेयी डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में रू.5000/- (रूपये पांच हजार केवल) की राशि भी बतौर बयाना भेजी जाए। नियत तारीख और समय के पश्चात प्राप्त हुए टेंडर पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. **निबंधन और शर्तें**

1. टेंडरदाता एक विनिर्माता/प्राधिकृत वितरक होना चाहिए जिसके पास संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव और विशेषज्ञता हो और जिसकी अच्छी वित्तीय स्थिति हो। कर रजिस्ट्रीकरण, पिछले अनुभव आदि को सिद्ध करने वाले प्रमाणपत्रों की प्रतियां कोटेशन के साथ लगी होनी चाहिए। फर्म की वार्षिक कुल बिक्री कम से कम रू.25 लाख होनी चाहिए। कुल वार्षिक बिक्री का प्रमाण अवश्य संलग्न किया जाए।

2. टेंडरदाता का दिल्ली/नई दिल्ली/या एन.सी.आर. में स्थित एक सुस्थापित कार्यालय होना चाहिए।

3. चुनी गई फर्म के लिए मदों की आपूर्ति संसदीय कार्य मंत्रालय को 92, संसद भवन, नई दिल्ली में करनी अपेक्षित होगी।

4. ऐसे आपूर्तिकर्ताओं पर समय-समय पर यथा लागू सरकारी करों का भुगतान इस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। फर्म द्वारा तैयार किए गए बिल पर सभी प्रकार के करों की रजिस्ट्रीकरण संख्या छपी होनी चाहिए। संविदा लागू रहने की अवधि के दौरान कर रजिस्ट्रीकरण की वैधता फर्म की अनन्य जिम्मेदारी होगी।

5. संसदीय कार्य मंत्रालय, संसद भवन, नई दिल्ली में सामान को पहुंचाने के लिए किसी अलग प्रभार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

6. **चुनी गई फर्म द्वारा दी गई और इस मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की गई दरें संविदा पर अंतिम निर्णय ले लिए जाने की तारीख से 12 मास की अवधि के लिए वैध रहेंगी।**

7. चुनी गई फर्म के लिए कोटेशन में यथा सूचित गुणवत्ता बनाए रखना बाध्यकारी होगा।

8. किसी फर्म के चुनाव के लिए संविदा देने के लिए अनुबंधित सभी निबंधन और शर्तों पर विचार किया जाएगा।

9. टेंडरदाता को अपनी स्वीकृति देते हुए संविदा देने के लिए अनुबंधित निबंधन और शर्तों की एक हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करनी चाहिए।

10. कोटेशन के साथ पैरा 3 में यथा उल्लिखित रूप में रू.5000/- (पांच हजार रूपये केवल) की बयाना राशि भेजी जानी चाहिए, जिसके बिना कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। संविदा पर अंतिम निर्णय ले लिए जाने के पश्चात असफल

टेंडरदाताओं को उनकी बयाना राशि लौटा दी जाएगी। सफल बोलीदाता की बयाना राशि निष्पादन प्रतिभूति के रूप में रोक ली जाएगी और संविदा की अवधि के दौरान मंत्रालय के पास रहेगी।

11. यदि बायाना राशि वेतन और लेखा अधिकारी, मंत्रिमंडल कार्य, नई दिल्ली से इतर किसी अन्य अधिकारी के पक्ष में देय पाई जाती है तो टेंडर को तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा। कोई टेंडर जो बयाना राशि के बिना प्राप्त होता है, तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

12. आपूर्तिकर्ता संबंधित विनिर्माता द्वारा यथा प्रदत्त वारंटी उपलब्ध कराएगा।

13. किसी भी रूप में अपूर्ण टेंडरों को तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

14. यदि टेंडरदाता बोली लगाने से पीछे हटने का निर्णय करता है तो इस मंत्रालय के पास टेंडरदाता द्वारा जमा की गई बयाना राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

15. सभी दरें विधिवत टंकित अक्षरों में होनी चाहिए। किसी भी हस्तलिखित दर पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. बोलियां दो भिन्न लिफाफों में प्रस्तुत की जाएं जिनमें से एक में तकनीकी बोली दस्तावेज होगा और जिस पर "तकनीकी बोली" शब्द लिखे होंगे और दूसरे लिफाफे में वित्तीय बोली होगी और जिस पर "वित्तीय बोली" शब्द लिखे होंगे। ये दोनों लिफाफे एक अन्य लिफाफे में रखे जाएंगे जिस पर साफ-साफ "**संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रयोग के लिए कंप्यूटर्स, स्कैनर्स, यूपीएस, प्रिंटर्स की आपूति हेतु टेंडर**" शब्द लिखे होंगे।

(क) **तकनीकी बोली अनुबंध-1** में प्रस्तुत की जानी चाहिए जिसमें निम्नलिखित विवरण होना चाहिए:-

(i) फर्म का नाम:
(ii) यदि फर्म एक निर्माता यूनिट नहीं है और एक प्राधिकृत वितरक है तो प्राधिकार पत्र की प्रति।
(iii) फर्म का व्यवसायिक पता:
(iv) टेलीफोन नंबर:
(v) मोबाइल नंबर:
(vi) फर्म की प्रतिवर्ष रू.25.00 लाख (रूपये पच्चीस लाख केवल) की वार्षिक बिक्री पिछले तीन वर्ष (2010-11, 2011-12, 2012-13) के प्रमाण सहित।
(vii) पिछले तीन वर्ष के दौरान न्यूनतम 3 (तीन) प्रतिष्ठित मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा जारी निष्पादन प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की

जाएं)।

(viii) नवीनतम आयकर विवरणी की प्रति (पैन/टिन के साथ प्रमाण सहित) (2011-12 अथवा 2012-13)

(ix) "वेतन और लेखा अधिकारी, मंत्रिमंडल कार्य, नई दिल्ली" के पक्ष में एकाउंट पेयी डिमांड ड्राफट/बैंकर्स चेक के रूप में रू.5000/- (रूपये पांच हजार केवल) की बयाना राशि जमा करने का विवरण।

(x) नवीनतम चालान के साथ वैट खाता संख्या (इसका प्रमाण अवश्य संलग्न किया जाए)।

(ख) **वित्तीय बोली** में **अनुबंध-II** में दर्शाई गई मदों के अनुसार प्रत्येक मद के सामने अलग-अलग दर शामिल होनी चाहिए।

6. इच्छुक फर्म अवर सचिव (प्रशासन), संसदीय कार्य मंत्रालय, 92, संसद भवन, नई दिल्ली को संबोधित अपनी मोहरबंद कोटेशन, जिसके ऊपर "**संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रयोग के लिए कंप्यूटर्स, स्कैनर्स, यूपीएस, प्रिंटर्स की आपूति हेतु टेंडर**" लिखा हो, देर से देर 25 सितंबर, 2013 को अपराह्न 3.00 बजे तक अनुभाग अधिकारी (लेखा और क्रय) कमरा नं.93, संसद भवन (दूरभाष: 23034755) की अभिरक्षा में रखी टेंडर पेटी में जमा कर सकती हैं। उस समय तक प्राप्त टेंडर उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे कमरा नं.92, संसद भवन, नई दिल्ली में खोले जाएंगे।

भवदीय,

(रामेश्वर प्रसाद)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष नंबर: 23034899

**अनुबंध-II**

**वित्तीय बोली**

| क्र.सं. | मद का ब्यौरा | मद का निर्माता/ मॉडल | प्रति यूनिट दर, रूपये में | कर % और राशि रूपये में | कुल रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर जिसमें आई-5 कांफीग्यूरेशन, विंडोज 8 प्रोफेसनल, 4 जीबी रैम जिसे 8 जीबी तक बढ़ाया जा सके, 500 जीबी हार्ड डिस्क, टीएफटी मॉनीटर 18.5 इंच या इससे बड़ा, द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) कीबोर्ड, ऑप्टीकल यूएसबी माउस, 6 यूएसबी पोर्ट्स जिनमें से कम से कम 2 सामने की ओर हों, न्यूनतम 8X डीवीडी राइटरर, नेटवर्किंग फेसिलीटी 10/100/1000 ऑन बोर्ड इंटीग्रेटिड नेटवर्क पोर्ट। | | | | |
| 2 | स्कैनर: हैवी ड्यूटी (बड़ा आकार) - फ्लेटबेड, 600X600 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X46.4 सेमी, 35 पीपीएम, 100 शीट्स की एडीएफ क्षमता, इंटरफेस केबल और ड्राईवर साफ्टवेयर सहित। | | | | |
| 3 | स्कैनर: मध्यमाकार - फ्लेटबेड, 4800X4800 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X35.6 सेमी, 25 पीपीएम, 50 शीट्स की एडीएफ क्षमता, इंटरफेस केबल और ड्राईवर साफ्टवेयर सहित। | | | | |
| 4 | स्कैनर: छोटा आकार - 48 बिट कलर - फ्लेटबेड, 4800X9600 डीपीआई, स्कैन साइज 21.6 X29.7 सेमी, स्पीड लगभग 6-10 पीपीएम, कॉपी, स्कैन, स्कैन टू ई-मेल, स्कैन टू पीडीएफ सुविधा (एचपी स्कैन जैट जी 3110 स्कैन के समकक्ष) सहित। | | | | |
| 5 | कॉम्पैक्ट यूपीएस: लाइन इंटरएक्टिव यूपीएस (सीई या यूएल प्रमाणित), सिंगल फेस एसी 160V से 280V इनपुट, रेटिड KVA:0.8, न्यूनतम VAH:168 | | | | |
| 6 | प्रिंटर: लेजरजैट - मोनो (बेस मॉडल) | | | | |
| 7 | मल्टी फंक्शन प्रिंटर: कलर - लेजरजैट, (15 पीपीएम और 25 पीपीएम), प्रिंट, कॉपी, कलर स्कैन और फैक्स की सुविधा सहित। | | | | |
| 8 | मल्टी फंक्शन प्रिंटर: कलर - डेस्कजैट, प्रिंट, स्कैन और कॉपी की सुविधा सहित (16 एमबी | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | रैम, 1 यूएसबी 2.0 पोर्ट, 48 बिट फ्लेटबेड स्कैनर 140 डीपीआई तक) (एचपी ऑल इन वन के209जी के समकक्ष) | | | | |
| 9 | रैम 1 जीबी, 2 जीबी (डीडीआर 1 रैम, डीडीआर 2 और डीडीआर 3) | | | | |
| 10 | एक आईबीएम सर्वर X3400 एम3-टॉवर, 16 जीबी रैम, फोर-कोर Intel(R) Xeon(R) E5620, 2.40 GHz, 12 एमबी Cache-Processor one सहित, मेमोरी 16DIMM Slots अधिकतम, 128 जीबी डीडीआर-3 13333 MHz RDIMMs सहित, एक्सपेंसन स्लोट्स - पांच PCIe और 1 PCI स्टैंडर्ड, डिस्क बेस-स्टैंडर्ड 3.5 सिंपल-स्वेप सीरियल एटीए (साटा) सहित, एमएस विंडो सर्वर 2012 R2 के रूप में OS PARD, इंटरनल स्टोरेज 8TB, स्पोर्ट इंटीग्रेटिड 6Gbps RAID-I | | | | |
| 11 | एक Sql सर्वर 2012 स्टैंडर्ड एडिशन 3 CAL सहित। | | | | |

हस्ताक्षर:
फर्म का नाम:
फर्म का पता और मोहर:

स्थान:
तारीख: